भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1060
08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

कोच्चि में स्मार्ट सिटी मिशन परियोजनाएं

1060. **श्री हैबी ईडन**:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोच्चि में स्मार्ट सिटी मिशन (सीएसएमएल) के तहत परियोजनाओं की परियोजना-वार विस्तृत स्थिति क्या है;

(ख) आज तक, परियोजना-वार और केंद्र-राज्य-यूएलबी-वार आवंटित और उपयोग की गई धनराशि कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने इन परियोजनाओं से संबंधित अपने एजेंडे को पूरा किया है या कार्यान्वयन की प्रक्रिया में किसी बाधा का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) परियोजना-वार परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समय- सीमा क्या है; और

(ङ) क्या कोचीन स्मार्ट सिटी मिशन के तहत और अधिक परियोजनाओं पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ड.): भारत सरकार द्वारा 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) शुरू किया था। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 चरणों के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। कोच्चि को जनवरी 2016 में आयोजित चयन प्रक्रिया

के चरण-1 में स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु चुना गया था। कोच्चि स्मार्ट सिटी की वास्तविक और वित्तीय प्रगति की स्थिति नीचे दी गई है:

(राशि ₹ करोड़ में)

स्मार्ट सिटी	जारी की गई कुल निधियां (भारत सरकार+राज्य)	कुल उपयोगिता (भारत सरकार+राज्य)	चालू परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		कुल परियोजनाएँ	
			परियोजनाओं की संख्या	धनराशि	परियोजनाओं की संख्या	धनराशि	परियोजनाओं की संख्या	धनराशि
कोच्चि	740.34	690.00	36	506.56	61	1,249.17	97	1,755.73

स्रोत: 26 जनवरी 2024 तक एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस)।

एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और कोच्चि सहित सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की अपेक्षा की जाती है।